फैक्स/ई मेल द्वारा
सं .105/17/विविध/प्रशा/र.सं.(ii)
भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय
रक्षा संपदा महानिदेशालय
रक्षा संपदा भवन, उलान बाटर मार्ग
दिल्ली छावनी – 110010

दिनांक ०९ मई, 2017

सेवा में

प्रधान निदेशक, रक्षा संपदा,
रक्षा मंत्रालय,
मध्य/दक्षिण/पश्चिम/उत्तर/पूर्व/दक्षिण-पश्चिम कमान
लखनऊ/पुणे/चंडीगढ़/जम्मू/कोलकाता/जयपुर

विषय: रक्षा संपदा महानिदेशालय, दिल्ली छावनी में 12 एवं 13 मई, 2017 को आयोजित होने वाले सम्मेलन में चर्चा के मुद्दे

इस महानिदेशालय के पत्र सं.105/17/विविध/प्रशा./र.सं. दिनांक 09 मई, 2017 के संदर्भ में।

2. पिछले कुछ महीनों में रक्षा सम्पदा महानिदेशालय द्वारा विभिन्न मुद्दों पर कई पत्र / अनुदेश जारी किए गए हैं। प्रधान निदेशकों से अनुरोध है कि वे अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाली छावनी परिषदों और रक्षा सम्पदा कार्यालय सर्कलों को जारी किए गए इन अनुदेशों के कार्यान्वयन की स्थिति की निगरानी एवं समीक्षा करें। इनकी समीक्षा के लिए प्रधान निदेशकों से अनुरोध है कि वे इन मुद्दों विशेषतः निम्नलिखित मुद्दों की अद्यतन स्थिति सहित सम्मेलन में उपस्थित होने का कष्ट करें:-

(क) **ढांचागत परियोजनाओं के लिए रक्षा भूमि का अंतरण** : ऐसी परियोजनाओं का रक्षा सम्पदा कार्यालय सर्कल और छावनी परिषद वार स्थान दर्शाते हुए ऐसे मामलों की प्रगति में हुए विलंब, यदि कोई हो, के कारणों सहित विवरण;

(ख) **पेंशन/एसीपी/एमएसीपी** : निदेशालयों के पास लंबित ऐसे मामलों की संख्या और इनके लंबित होने की अवधि और कारण;

(ग) रक्षा सम्पदा अधिकारियों / मुख्य अधिशासी अधिकारियों द्वारा अधिकारियों / पदाधिकारियों को विशिष्ट कर्तव्य सौंपने के लिए जारी **कार्यालय आदेशों** की पुष्टि प्राप्त होने की स्थिति;

(घ) **पट्टे के मामलों** को आगे बढ़ाने के लिए की गई तैयारी;

(च) **अतिक्रमण प्रस्तावों** को आगे बढ़ाना;

(छ) **स्वच्छता अभियान के कार्यान्वयन** संबंधी कार्य योजनाओं की स्थिति: ठोस अपशिष्ट व मलजल उपचार पर विशेष ज़ोर;

(ज) राजस्व जुटाने सहित निदेशालयों में लंबित **विकास परियोजनाएं;**

(झ) **छावनी परिषदों द्वारा राजस्व जुटाने व संग्रह करने** के लिए उठाए गए कदमों का विवरण;

(ट) **ई-भुगतान** (आवक और जावक दोनों) की तैयारी की स्थिति;

(ठ) **निदेशालयों को वर्ष 2016-17 के लिए बजट आबंटन:** विभिन्न शीर्षों के अंतर्गत निधि के अभ्यर्पण (surrendering) के कारण (रक्षा मंत्रालय वित्त को प्रस्तुत करने के लिए आवश्यक);

(ड) **निदेशालयों को वर्ष 2017-18 के लिए बजट आबंटन:** विभिन्न शीर्षों के अंतर्गत होने वाले व्यय की योजना;

(ढ) **सर्वेक्षण रिपोर्ट** भेजने की स्थिति और सर्वेक्षण के दूसरे चरण की तैयारियां;

(त) मुटेशन, छावनी परिषदों को अनुदान, सर्वेक्षण के लिए राजस्व अधिकारियों की नियुक्ति, सरकारी सामान्य अस्पतालों व औषधालयों के माध्यम से विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं के कार्यान्वयनआदि के लिए **राज्य सरकारों से समन्वय** के परिणाम / प्रगति;

(थ) अनधिकृत कब्जों के नियमितीकरण सहित **अधिग्रहण / किराया मामलों** की स्थिति;

(द) सैनिक फार्म सहित रिक्त **रक्षा भूमि की स्थल योजना तैयार करने** की स्थिति; और

(ध) **अन्य कोई विशिष्ट विषय**, जिस पर प्रधान निदेशक चर्चा करना चाहें।

3. इसे महानिदेशक,रक्षा सम्पदा का अनुमोदन प्राप्त है।

पी. डेनियल

(पी डेनियल)
अपर महानिदेशक (प्रशासन एवं सतर्कता)
कृते महानिदेशक, रक्षा संपदा

प्रतिलिपि :
वरिष्ठ अपर महानिदेशक
सभी अपर महानिदेशक – कृपया आप अपने प्रभागों से संबन्धित मुद्दों, विशेषतः निदेशालयों से प्राप्त जानकारी के अद्यतन की तैयारी करें।
रक्षा संपदा महानिदेशालय (राजभाषा अनुभाग)
डीएमएस /वेबसाइट / ए यू एण्ड आर सी / गार्ड / फ्लोट फ़ाइल